प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में 'द्रुत' ऐप पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

पन्तनगर। 04 जनवरी 2024। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में उत्तराखण्ड होमगार्डस विभाग द्वारा चलाये जा रहे 'द्रुत' ऐप के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर श्री चैतन मैठाणी, प्लाटून कमाण्डर, श्री मुकुल राठी, ए.डी. सी., रूद्रपुर, श्री ओम शंकर, कम्पनी कमाण्डर एवं श्री निर्मल सिंह, कार्यवाहक प्लाटून कमाण्डर, कार्यालय जिला कमांडेन्ट होमगार्डस, ऊधमसिंह नगर के अधिकारियों ने आपातकालीन/आपदा तथा सुरक्षा के दृष्टिगत जनहित में चलाया जा रहा द्रुत ऐप के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करी। इस कार्यक्रम में उत्तराखण्ड होमगार्डस के अधिकारियों ने द्रुत ऐप के बारे में सम्पूर्ण जानकारी देते हुए, ऐप की मोबाइल फोन में डाउनलोडिंग एवं उसके पूर्ण उपयोग के बारे में प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ, गैर–शैक्षणिक कर्मचारियों, स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र–छात्राओं ने सहभागिता की और इस प्रशिक्षण से लाभांवित हुए। श्री चैतन मैठानी, प्लाटून कमाण्डर द्वारा सभी को अवगत कराया गया कि इस ऐप का उद्देश्य व्यक्ति विशेष की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस मोबाइल ऐप के द्वारा सुरक्षा हेतु नियुक्त होमगार्ड 15 से 20 मिनट में आपातकालीन स्थान पर उपलब्ध हो जायेंगे।

इस कार्यक्रम का आयोजन अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल, के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ऑफिसर इंचार्ज एवं सहायक प्राध्यापक, प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग डा. अनुपमा पाण्डे एवं सहायक प्राध्यापक, वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग डा. सोनू रानी, द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में द्रुत ऐप की जानकारी देते अधिकारी।

निदेशक संचार